AIIB इंफ्रा फंड में 200 मिलियन डॉलर निवेश करेगी

चर्चा में क्यों?

एशियाई इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) के बोर्ड ने नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इनवेस्टमेंट फंड (NIIF) में 100 मिलियन डॉलर के निवेश को मंजूरी दे दी है। शेष 100 मिलियन डॉलर अगली श्रृंखला में जारी किये जाएंगे। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी भारत इंफ्रास्ट्रक्चर एक्सपो के दौरान शुरू होने वाली AIIB की तीसरी वार्षिक बैठक से पहले दी है।

प्रमुख बिंदु

- यह पहली बार है जब भारत AIIB की वार्षिक बैठक की मेज़बानी कर रहा है, जिसे 26 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित किया जाएगा।
- चीन के बाद AIIB में भारत दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक है और इस बहुपक्षीय एजेंसी से धन का सबसे बड़ा प्राप्तकर्त्ता भी है।
- वित्त मंत्रालय के अनुसार AIIB द्वारा जारी किये गए कुल धन का लगभग 25% सरकारी और निजी क्षेत्र की परियोजनाओं के लिये प्रतिबद्ध है। ।
- आर्थिक मामलों के सचिव एस.सी. गर्ग के अनुसार मूल निवेश पर 10-12 गुना लाभ होगा, जिसके परिणामस्वरूप आधारभूत संरचना परियोजनाओं में 2.4 अरब डॉलर तक का प्रवाह हो सकता है।
- AIIB ने अपना कार्य जनवरी 2016 में शुरू किया था। इसने अब तक 4.4 बिलियन डॉलर निवेश को मंजूरी दे दी है, जिसमें भारत 1.2 अरब डॉलर के साथ अब तक का सबसे बड़ा लाभार्थी बन गया है।
- सरकार ने मुंबई शहरी परिवहन परियोजना -3 के लिये 475 मिलियन डॉलर का एक प्रस्ताव AIIB को भेजा था जिसे सैद्धांतिक रूप से पहले ही मंजूरी दे दी गई थी।
- चीन की बेल्ट और रोड पहल तथा उसमें भारत की भागीदारी के बारे में पूछे जाने पर, जिसमें चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (CPEC) शामिल है और जो पाकिस्तान कब्जे वाले कश्मीर से गुज़रता है, AIIB के उपाध्यक्ष डैनी अलेक्जेंडर का कहना है कि AIIB एक गैर-राजनैतिक संगठन है जो सदस्य देशों द्वारा तय की गई बोर्ड नीति के अनुसार परियोजनाओं में निवेश करता है।

AIIB क्या है?

- एशियाई इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) एक बहुपक्षीय विकास बैंक है जो एशिया और उसके बाहर के सामाजिक और आर्थिक नतीजों में सुधार के लिये एक मिशन के रूप में कार्य करता है।
- इसका मुख्यालय बीजिंग में है। इसने जनवरी 2016 में कार्य करना शुरू किया और वर्तमान में इसके 86 अनुमोदित सदस्य हैं।
- टिकाऊ बुनियादी ढाँचे और अन्य उत्पादक क्षेत्रों में निवेश करके AIIB लोगों, सेवाओं और बाज़ारों को बेहतर ढंग से जोड़ रहा है, जो समय के साथ अरबों लोगों के जीवन को प्रभावित करेंगे और बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगे।
- AIIB ऊर्जा और बिजली, परिवहन और दूरसंचार, ग्रामीण बुनियादी ढाँचा व कृषि विकास, जल आपूर्ति एवं स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शहरी विकास और प्रचालन में ठोस और टिकाऊ परियोजनाओं के लिये वित्तपोषण प्रदान करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/aiib-to-invest-200-mn-in-infra-fund